सार-समाचार

सेवा का संकल्प लिया

चिड़ावा। शहर के सामाजिक संगठन श्री राम परिवार ने रविवार रात्रि को दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन किया। आयोजन के दौरान हुए कार्यक्रम में परिवार के वरिष्ठ सदस्य सुनील शर्मा ने परिवार से जुड़े सदस्यों को हमेशा सकारात्मक विचारधारा बनाए रखते हुए सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी का आव्हान किया। वहीं अध्यक्ष सुरजीत सैनी ने सभी को अभी तक के किए गए नेक कार्यों के लिए बधाई दी और आगे भी सेवा का संकल्प अभियान के तहत संकल्प लेते हुए हर रविवार को गौसेवा, पशु पक्षी सेवा का कार्य सुचारू रखने और परिवार के सभी सदस्यों को नियमित भागीदारी का आव्हान किया। इस मौके पर श्री राम परिवार के पवन शर्मा नवहाल ने आगामी दिनों में कुछ अन्य सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी का प्रस्ताव दिया। पूर्व अध्यक्ष नवीन सोनी, रमेश स्वामी, उपाध्यक्ष अमित सैनी, रजनीकांत मिश्रा, कृष्ण स्वामी, धर्मेंद्र चेजारा ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर राजेश वर्मा, पार्षद शशिकांत, मुकेश पारीक, अमित चोटिया, राहुल सोलंकी, सत्यनारायण वर्मा, नितेश जांगिड़, मनोज शर्मा, मनीष शर्मा, विनय सोनी, मनीष जांगिड़ सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

बच्चों ने थाना का शैक्षिणक भ्रमण किया

बीदासर । बचपन प्ले स्कूल के नन्हें मुन्हें बच्चों ने स्थानीय पुलिस थाना का शैक्षिणक भ्रमण किया। इस दौरान बच्चों ने पुलिस विभाग के कार्यों और उसकी जिम्मेदारियों को नज़दीक से देखा तथा जाना कि पुलिस शहर में शांति, सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए सतत कार्य कैसे करती है। कांस्टेबल राजकुमार ने बच्चों को थाना परिसर का भ्रमण करवाते हुए कंप्यूटर कक्ष, महिला डेस्क, रिकॉर्ड रूम, मेस और सभाकक्ष आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बच्चों को बताया कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए हर समय तत्पर रहती है और अपराधियों में कानून का भय बनाए रखती है। इस दौरान थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए ट्रैफिक नियमों के पालन की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को सड़क सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। छोटे बच्चे भी अपने माता-पिता को सीट बेल्ट व हेलमेट पहनने की प्रेरणा दें। हेड कांस्टेबल महेश कुमार ने बच्चों को अनुशासन और समय की पाबंदी का महत्व समझाया, जबकि वकील सलाहकार ज्योति राठौड़ ने बच्चों से कहा कि कानून का सम्मान करना और अपने अधिकारों व कर्तव्यों को समझना एक अच्छे नागरिक की पहचान है। इस दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और पुलिस कार्यप्रणाली को जानने में गहरी रुचि दिखाई। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि ऐसे भ्रमण से बच्चों में सामाजिक जागरूकता, कानून के प्रति सम्मान और अनुशासन की भावना विकसित होती है।

वार्षिक उत्सव त्रिवेणी का आयोजन

मंडावा । श्री सनातन धर्म पंचायत उच्च माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव त्रिवेणी का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग थे। विशिष्ट अतिथि एसडीएम मुनेश कुमारी, तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर, शिक्षाविद सीबीईओ अशोक शर्मा मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोलकाता से आए हुए अतुल चूडीवाल ने की। इसके अतिरिक्त इस आयोजन में दिल्ली से आए हुए आर्किटेक्ट चंद्र मलिक जो योगा टीचर भी हैं। भाजपा नेता महेश बसावतिया, श्यामला मणि विज्ञान और पर्यावरण पर शोध करती व अंतरराष्ट्रीय लेखिका, अभिजीत सिंह अंतरराष्ट्रीय पत्रकार, आध्यात्मिक गुरु चैतन्य गिरी महाराज, भाजपा नरेंद्र शर्मा ढाणी वाले की गरिमामय उपस्थिति रही। विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना से कार्यक्रम शुरू किया। प्रतिभावान विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शिव तांडव, राम कथा, फौज का शौर्य प्रदर्शन, पहलगाम आक्रमण और उसमें शहीद हुए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अभिव्यक्त की गई। नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सज्जन मिश्रा, अध्यक्ष वर्तमान नरेश सोनी, भोलासिंह, श्रीराम आदि सभी अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं की अभूतपूर्व प्रस्तुति को देखकर के सभी अभिभूत हुए। कार्यक्रम का संचालन सुमन देवड़ा और डॉ. विद्या पुरोहित ने किया। तेरी मिट्टी में मिल जावा से लेकर राम आए हैं की प्रस्तुति बड़ी ही भावपूर्ण रही। अंत में सभी ट्रस्टी गण ने सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।

गौवंश को 11 मण फलों का भोग

झुंझुनूं । जिले के नवलगढ़ निवासी गौडऋ ब्राह्मण महासभा के मुख्य राष्ट्रीय संरक्षक गोविंदराम बासोतिया एवं उनके पुत्र विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विजय बासोतिया ने गोविंदराम चैरिटेबल ट्रस्ट के आर्थिक सौजन्य से सोमवार को गोविंदराम बासोतिया के जन्म दिवस पर झुंझुनूं मुख्यालय के बगड रोड स्थित नंदीशाला में 11 मण रसीले फलों का भोग गौवंश को लगाकर छायादार पौधे लगाए। गौड ब्राह्मण महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर महमिया के संयोजन एव विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा और संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया के आतिथ्य में जिले के विप्र फाउंडेशन पदाधिकारियों द्वारा नंदीशाला में तुलसी से भोग लगाकर नंदियों को केला, सेव, संतरा, मौसमी आदि रसीले फलों के साथ मीठे दलिये का प्रसाद खिलाया। वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नंदीशाला में वंदेमातरम गीत का सामूहिक गायन कर स्वच्छता एव स्वदेशी की शपथ ली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए छायादार पौधे लगाए। साथ ही केक काटकर हर्ष उल्लास से गोविंदराम बासोतिया का जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन संरक्षक एडवोकेट सुशील जोशी, जिला महामंत्री वशिष्ठ शर्मा, कोषाध्यक्ष राकेश सहल, जिला मंत्री रमेश चौमाल, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. भावना शर्मा, तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, शहर अध्यक्ष अमित पांडे, नंदीशाला समिति सदस्य सपना राणासरिया सहित उनकी टीम उपस्थित रही।इसी तरह नवलगढ़ गौशाला में गऊ माता जी को 15 हजार रूपए का प्रसाद वितरण किया गया। गऊ माता से यहीं प्रार्थना है कि गोविंद राम बसोतिया को स्वस्थ और दीर्घायु प्रदान करें, जिससे समाज सेवा लगातार जारी रहे। इस अवसर पर विप्र मंडल नवलगढ़ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सराफ, उपाध्यक्ष रामस्वरूप बसोतिया, मुरारी शर्मा, पंकज शर्मा उपस्थित रहे

स्वदेशी उत्पाद अपनाने की शपथ ली

झुंझुनूं । जिले के सबसे बडे राजकीय बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में वंदेमातरम-150 के तहत स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया गया। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि वंदेमातरम-150 के तहत चिकित्सकों, नर्सिंग अधिकारी, कर्मचारी, नर्सिंग विद्यार्थियों ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया। दैनिक जीवन में स्वदेशी निर्मित वस्तुओं को अपनाने एवं अन्य को प्रेरित करने पर जोर दिया गया। भारत को चिकित्सा के क्षेत्र में पूर्णतया आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया गया। पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र भांबू ने बताया कि स्वदेशी उत्पाद के उपयोग से स्वजनों को रोजगार मिलता है। स्थानीय प्रतिस्पर्धा से उत्पाद की लागत घटती है। देशवासियों की सतत् मुहिम स्वदेशी कार्यक्रम को सफल बना सकती है। नर्सिंग प्रधानाचार्य अंजना चौधरी ने शपथ दिलवाई। इस दौरान आरएमओ डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. विजय झाझड़िया, डॉ. प्रियंका सेखसरिया, डॉ. नावेद अख्तर समेत कार्मिक उपस्थित रहे।

ग्राम सभाओं का निरीक्षण

बुहाना । सोमवार को जिला लोकपाल ओमप्रकाश गोदारा ने पंचायत समिति बुहाना की ग्राम पंचायतों का औचक निरीक्षण किया । उन्होंने धूलवा व गादली पंचायत में मनरेगा योजना अंतर्गत चल रहे सामाजिक अंकेक्षण की ग्राम सभाओं का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मनरेगा श्रमिकों से संवाद कर कार्यों के बारे में जानकारी ली। पंचायत स्तर के कार्मिकों को योजना का रिकॉर्ड संधारण के लिए निर्देश प्रदान किए।

सेवा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

रतनगढ़ । तालुका विधिक सेवा समिति रतनगढ़ के तत्वावधान में रविवार को केपीएस विद्यालय, रतनगढ़ में विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता लक्ष्मण प्रजापत ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को न्याय के अधिकार तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्याय केवल अमीरों के लिए नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का मौलिक अधिकार है। समाज के गरीब, पिछड़े एवं कमजोर वर्गों तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना ही विधिक सेवा दिवस का मुख्य उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को लेकर भारत सरकार ने वर्ष 1995 से इस दिवस को मनाने की परंपरा प्रारंभ की थी। इस दिन विभिन्न स्थानों पर लोक अदालतें और विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए जाते हैं, जिनके माध्यम से आमजन को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी जाती है।

निवर्तमान प्रधानों को प्रशासक बनाने की मांग, प्रदर्शन किया

- प्रधानों को प्रशासक बनाने से बढ़ेगी विकास की रफ्तार : सुंडा
- राजस्थान प्रधान संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

झुंझुनूं । पंचायत राज संस्थाओं में समानता के सिद्धांत की मांग करते हुए राजस्थान प्रधान संघ ने सोमवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। संघ ने निवर्तमान प्रधानों को पंचायतों के सरपंचों की तरह ही प्रशासक बनाने की मांग उठाई और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि जिस प्रकार ग्राम पंचायतों में निवर्तमान सरपंचों को प्रशासक नियुक्त किया गया है, वहीं व्यवस्था पंचायत समितियों और जिला परिषदों में भी लागू होनी चाहिए, जिससे प्रशासनिक निरंतरता बनी रहे और विकास कार्य न रुकें। प्रधान संघ के पदाधिकारियों ने ज्ञापन में कहा कि यह मांग राजस्थान पंचायत राज अधिनियम 1994 और राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत संचालित त्रि-स्तरीय व्यवस्था में समानता लाने के लिए की जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने बताया कि राज्य की कई ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बावजूद चुनाव नहीं हो पाए। ऐसे में राज्य सरकार ने अधिनियम की धारा 95 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग कर निवर्तमान सरपंचों को प्रशासक और वार्ड पंचों को प्रशासकीय समिति का सदस्य नियुक्त किया है। सुंडा ने कहा कि जब ग्राम पंचायतें, पंचायत समितियां और जिला परिषदें एक ही अधिनियम के अंतर्गत आती हैं, तो पंचायत समितियों और जिला परिषदों के कार्यकाल समाप्त होने पर अलग व्यवस्था रखना न्यायसंगत नहीं होगा। प्रधान संघ का कहना है कि पंचायत राज प्रणाली में प्रधान और समिति सदस्य ही जमीनी स्तर पर योजनाओं और विकास कार्यों की वास्तविक जानकारी रखते हैं। प्रधानों ने चेतावनी दी कि यदि स्थानीय प्रशासनिक नेतृत्व के बिना पंचायत समितियों को छोड़ा गया, तो विकास कार्य ठप पड जाएंगे और ग्रामीण जनता को सीधा नुकसान होगा। नवलगढ़ प्रधान और प्रदेशाध्यक्ष दिनेश सुंडा ने कहा कि निवर्तमान प्रधानों की प्रशासक के तौर पर नियुक्ति से प्रशासनिक कार्य सुचारु रहेंगे और सरकारी योजनाएं बाधित नहीं होंगी। प्रदर्शन के दौरान प्रधानों ने राज्य सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग की।

उन्होंने कहा कि प्रशासक की नियुक्ति से जनकल्याण योजनाओं में पारदर्शिता बनी रहेगी और लोकतांत्रिक प्रक्रिया का सम्मान होगा। अधिनियम की धारा 95 का हवाला देते हुए संघ ने आठाह किया कि सरकार इस अधिकार का प्रयोग कर ग्राम पंचायतों की तरह ही पंचायत समितियों में भी अंतरिम व्यवस्था लागू करें, ताकि निर्वाचित निकायों का कार्यकाल समाप्त होने और नए चुनाव होने के बीच प्रशासनिक खालीपन न रहे। प्रधानों ने चेतावनी दी कि यदि इस विषय में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो राज्यभर का प्रधान संघ व्यापक आंदोलन करेगा।

सोमवार को पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों पर प्रधानों ने इस संदर्भ में ज्ञापन सौंपा है। झुंझुनूं में प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सुंडा की अगुवाई में सौंपे गए ज्ञापन के दौरान बुहाना प्रधान हरिकिशन यादव, झुंझुनूं प्रधान पुष्पा चाहर, अलसीसर प्रधान घासीराम पूनियां, मंडावा प्रधान शारदा देवठिया, पिलानी प्रधान बिरमा संदीप रायला, सूरजगढ़ प्रधान बलवान रघुनाथपुरा, सिंघाना प्रधान सरला सैनी आदि मौजूद थे।

अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

चिड़ावा । शहर के मड्रेला बाईपास सर्किल स्थित परमहंस स्कूल के सीनियर कैम्पस में रविवार 9 नवंबर को अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संरक्षक बिरजू राम, निदेशक विक्रम जांगिड़ व सहनिदेशक मनोज जांगिड़ एवं सम्माननीय अभिभावकों ने सरस्वती वन्दना व पूजन से किया।

संस्था निदेशक विक्रम जांगिड के संयोजन में हुए कार्यक्रम में 625 से अधिक अभिभावक शामिल हुए, जिसमें सभी विद्यार्थियों को मासिक टेस्ट, प्री बोर्ड रिजल्ट, फाउंडेशन के माइनर टेस्टों के परिणाम दिए गए। इसमें 9 से 12 फाउंडेशन, टारगेट, 9 से 12 स्कूल नोन फाऊंडेशन बैच की शैक्षिणक गतिविधियों की जानकारी दी गई। निदेशक जांगिड़ ने बताया कि अभिभावक और शिक्षक का सम्मिलन ही बच्चे के उज्जवल भविष्य की नींव है। साथ ही साथ स्वास्थ्य का नियमित ध्यान रखने एवं बच्चों को मोबाइल से दूर रहने के लिए अभिभावकों से आग्रह किया ।

अभिभावकों ने विद्यालय के सक्रिय प्रयासों एवं प्रत्येक छात्र को दी जा रही व्यक्तिगत ध्यान की सराहना की। निदेशक जांगिड़ ने व एकेडमिक हेड राकेश पालावत ने संस्था के द्वारा विधार्थियों की संपूर्ण विकास के लिए किए जाने वाले प्रयासों की जानकारी दी।

अस्थाई अतिक्रमण हटाया

सीकर । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा के आदेशानुसार एवं नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा के निर्देशन में सोमवार को नगर परिषद सीकर की प्रवर्तन टीम ने डाक बंगला पुलिया क्षेत्र में अस्थाई अतिक्रमण हटाने की प्रभावी कार्रवाई की। प्रवर्तन टीम ने बताया कि सड़क किनारे रेहड़ी, ठेला व सब्जी विक्रेताओं द्वारा लंबे समय से किए गए अस्थाई अतिक्रमण के कारण आमजन को आवागमन में असुविधा हो रही थी। बार-बार समझाइश देने और नोटिस जारी करने के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर सख्ती से कार्यवाही करते हुए मौके पर सभी अवैध ठेले, रेहड़ियां व अस्थाई अतिक्रमण सामठी हटाई गई। आयुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि शहर को स्वच्छ, सुगम और सुंदर बनाने के लिए अतिक्रमण मुक्त अभियान लगातार जारी रहेगा। आमजन से भी अपील है कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से अस्थाई अतिक्रमण न करें और नगर परिषद के प्रयासों में सहयोग दें।

आदर्श बाल निकेतन स्कूल का वार्षिकोत्सव मृदंग 14 को

- प्रत्येक क्रो पृथक पृथक ट्रॉफी व 5000 रूपए नगद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा

झुंझुनूं । झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित आदर्श बाल निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय झुंझुनूं का 65वां वार्षिकोत्सव मृदंग-2025 14 नवंबर शुक्रवार को शाम पांच बजे से चूणा चौक राणी सती रोड स्थित विद्यालय परिसर में उत्साह के साथ मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए संस्था सचिव परमेश्वरलाल हलवाई ने बताया कि समारोह में बतौर अतिथि झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई के ट्रस्टी सीए प्रमोद जालान, अध्यक्ष सीए कृष्ण मुरारी तुलस्यान, पूर्व अध्यक्ष सीए दीनबंधु जालान, सचिव अनिल ढेढिया, सदस्य सुरेश खंडेलिया मुंबई सहित अन्य जन उपस्थित होंगे। संस्था सचिव परमेश्वरलाल हलवाई ने बताया कि कक्षा 12वीं टॉपर हर्ष वर्मा, कक्षा 10 टॉपर भावेश, कक्षा आठवीं टॉपर अनामिका जांगिड, कक्षा पांचवीं टॉपर माही गाडिया को शुभकरण खंडेलिया मुंबई की ओर से प्रत्येक क्रो पृथक पृथक ट्रॉफी व 5000 रूपए नगद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इन सभी को 10 ग्राम चांदी का मैडल गिन्नीदेवी राधावल्लभ खेतान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से दिया जाएगा। कक्षा दस के टॉपर भावेश को 5000 रूपए नगद पुरस्कार स्व. पंडित नरोत्तमलाल जोशी की ओर से भी दिया जाएगा। कक्षा 12वीं में द्वितीय टॉपर काकुल शर्मा, कक्षा आठवीं में द्वितीय टॉपर मानवी अठावाल एवं वंश मिश्रा सभी तीनों विद्यार्थियों को पृथक पृथक माई झुंझुनूं डॉट कॉम ट्रॉफी केशरदेव देवकीनंदन तुलस्यान की ओर से प्रदान की जाएगी। कक्षा 10वीं में द्वितीय टॉपर आरव सैनी को बृजमोहन तुलस्यान परिवार ट्रॉफी, कक्षा पांच में में द्वितीय टॉपर नव्या राणासरिया को ललिता देवी तुलस्यान मेमोरियल ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। कक्षा 11वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गाडिया परी कपिल को ट्रॉफी व 2100 रूपए का नगद पुरस्कार जुगलकिशोर अग्रवाल परिवार की ओर से दिया जाएगा।

कक्षा नौवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर निशांत केडिया को ट्रॉफी व 1100 रूपए का नगद पुरस्कार अर्जुनलाल पवन कुमार केडिया की ओर से दिया जाएगा। बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड सीनियर वर्ग में सेजल गोयनका को एवं बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड जूनियर वर्ग में हर्षित सोनी को पृथक-पृथक स्व. डॉ. कुंदनबाला जैन मेमोरियल ट्रॉफी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त रमेशकुमार परमेश्वरलाल तुलस्यान मुंबई परिवार एवं सीताराम विनोदकुमार शर्मा टाइपिस्ट परिवार एवं की ओर से प्रतिभावान बच्चों को नगद पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे।

इंटरेक्टिव बोर्ड का उद्घाटन

रतनगढ़ । इंटरेक्टिव बोर्ड जैसे अत्याधुनिक संसाधनों का पूर्ण सदुपयोग कर अध्यापन को सुगम और आनंददायी बनाने में विद्यालय प्रबंधन की प्रमुख भूमिका है । ये विचार पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि ने स्थानीय महादेव जालान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में इंटरेक्टिव बोर्ड का उद्घाटन करते हुए व्यक्त किए। जिले में चल रही इंटरेक्टिव बोर्ड परियोजना के सूत्रधार राजीव उपाध्याय और योजना में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों को साधुवाद देते हुए उन्होंने कहा कि शैक्षिक क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए ऐसी परियोजनाओं पर कार्य किया जाना प्रेरणादाई व अनुकरणीय है ।

सरदार पटेल की जयंती पर एकता मार्च निकाला

- सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर आत्मनिर्भर व विकसित भारत का निर्माण करें : सुराणा

चूरू । लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर हो रहे सरदार 150 एकता मार्च समारोह के अंतर्गत सोमवार को एकता मार्च निकाला गया। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय स्थित इंद्रमणि पार्क में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा, पुलिस अधीक्षक जय यादव, बसंत शर्मा, अभिषेक चोटिया, सुशील लाटा सहित अतिथियों ने सरदार पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि हम सभी सरदार पटेल के आदर्शों पर चलकर अपने नागरिक दायित्वों को समझें तथा भारत को स्वच्छ, आत्मनिर्भर, सशक्त व विकसित भारत बनाएं। उन्होंने कहा कि देश की उन्नित के लिए युवाओं का योगदान अहम है। हम देश और समाज के बारे में सोचें तथा नागरिक दायित्वों के समुचित निर्वहन और स्वच्छता, अनुशासन व सामाजिक सौहार्द के साथ देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प लें। पुलिस अधीक्षक यादव ने भारत की आजादी में सेनानियों के बलिदानों को याद करते हुए कहा कि हमारे महापुरुषों ने हमें स्वतंत्र भारत दिया और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अखिल भारतीय सेवाओं सहित मजबूत प्रशासनिक तंत्र भारत को दिया। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा मोबाइल व नशे की लत से दूर रहकर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। युवा नियमित रूप से एक खेल को अपनाएं तथा किताबों से स्वयं को जोड़ें। महापुरुषों के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लें और राष्ट्र के प्रति व सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर जिम्मेदार नागरिक बनें। भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि भारत नौजवानों के कंधों पर खड़ा है।

रिटायर्ड डीजीपी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा चुनाव मैदान में

- डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के प्रस्तावित चुनावों को लेकर प्रचार शुरू

झुंझुनूं । रिटायर्ड डीजीपी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। जी, हां लोकसभा और विधानसभा चुनाव नहीं, बल्कि मेघवाल समाज की अठाणी संस्थाओं में से एक डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष के चुनावों में खुद को प्रत्याशी के तौर पर डॉ. मेहरड़ा ने प्रस्तुत कर दिया है। चुनावों की तारीख अभी तय नहीं हुई है। लेकिन डॉ. मेहरड़ा ने अपना प्रचार शुरू कर दिया है। इसी क्रम में वे झुंझुनूं पहुंचे। झुंझुनूं के एक निजी रिसॉर्ट में मेघवाल समाज की बैठक हुई। जिसे संबोधित करते हुए डॉ. मेहरड़ा ने चुनाव लड़ने का ऐलान किया और कहा कि समाजोत्थान के संकल्प के साथ वे चुनाव मैदान में उतरेंगे। डॉ. मेहरड़ा ने इस मौके पर कहा कि ना केवल डॉ. अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी, बल्कि प्रदेश में जिन जिन स्थानों पर समाज की संस्थाएं बनीं हुई है। उनके नियत समय पर चुनाव हो और नए लोगों को मौका मिले। इसके लिए भी काम किया जाएगा। आपको बता दें कि पिछली बार डॉ. मेहरड़ा ने इसी सोसायटी का चुनाव लड़ा था और चुनाव जीते थे। लेकिन बाद में अपरिहार्य कारणों से उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बार फिर से डॉ. मेहरड़ा चुनाव मैदान में कूद गए है। डॉ. मेहरड़ा ने झुंझुनूं में बताया कि इस सोसायटी में पूरे प्रदेश के करीब 80 हजार सदस्य है। दिसंबर तक चुनाव होने की उम्मीद है।

डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा का किया स्वागत, 100 फीसदी मतदान का लिया संकल्प । कार्यक्रम में अनुसूचित जाति समाज बंधुओं ने डॉ. मेहरड़ा का साफा और माला पहनाकर स्वागत किया। मेघवाल समाज जिलाध्यक्ष सुरेश चित्तौसा ने बताया कि आगामी माह दिसंबर में अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान के प्रदेश चुनाव होने वाले है। जिसमें डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा त्याशी है और उनका झुंझुनूं गृह जिला होने के कारण बहुत जगह उनका स्वागत किया गया। जिस कारण सभा में देरी हुई। चित्तौसा ने कहा कि हमें गर्व करना चाहिए कि हमारे जिले का व्यक्ति पुलिस विभाग में उच्च पद पर रहा है। जिन पर पूरी नौकरी में कोई दाग नहीं है। हमें इनके पक्ष में मतदान करके पूरे राजस्थान में यह मैसेज देना है कि है जिस जिले से रविप्रकाश आते है। उस जिले से उन्हें 100 फीसदी मतदान किया है। जिससे राजस्थान में जिले का नाम हो। उन्होंने यह भी कहा कि यह सोचना ही गद्दारी है कि हम हमारे जिले के शान रहे व्यक्ति के पक्ष मतदान ना करके अन्य किसी को मत देने की सोचे। इसलिए सभी को पूरे पदेश में रिश्तेदारों को फोन करके रविप्रकाश मेहरड़ा के पक्ष में मतदान करवाना है। सेवानिवृत्त थानेदार दिल्ली पुलिस ईश्वरसिंह मेघवाल और रमेश मेघवाल मांदरी ने बताया कि सबसे पहले मेघवाल समाज जिलाध्यक्ष ने सभी समाज बंधुओं की तरफ से उन्हें साफा और स्मृति चिह्न भेंट करके उनका स्वागत किया। सभी आगंतुकों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा मेघवाल महाकुंभ में स्वागत में चूक होने के कारण भामाशाह राजेश बजाड़, प्रमोद चंदानी, किशोर कुमार बरवड़ का स्वागत करवाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी उपस्थित समाजबंधुओं की तरफ से मुख्य अतिथि को अनुसूचित जाति की प्रदेश और जिले संबंधी समस्याओं से अवगत करवाया। इस पर सभी जिलेवासियों ने जय भीम और रविप्रकाश जिंदाबाद के नारे लगाए। सभी ने उन्हें जिले के 100 फीसदी मतदान दिलवाने का वादा किया। इस अवसर पर श्रवणदत्त नारनौलिया, महावीर तोगड़िया, डॉ. हरिसिंह गोठवाल, डॉ. सीआर मेहरड़ा, संजय रॉयल डीएसपी एसीबी, पवन रॉयल सीटीओ, जयमल सिरोहा, मदन प्रेमी, श्रीचंद एसीटीओ, वीरेंद्र इंद्रा, विकास मेघवाल, मुकेश तोलासेही, राजेश पीटीआई, विकास मेघवाल रबूड़ी आदि मौजूद थे।

नायक समाज की 119 प्रतिभाएं सम्मानित

झुंझुनूं । नायक समाज सेवा संस्थान झुंझुनूं का नौ नवंबर रविवार को नायक समाज प्रतिभावान सम्मान एवं स्नेह मिलन समारोह-2025 लॉयंस क्लब भवन डाईट के सामने चूरू रोड झुंझुनूं में आयोजित किया गया। समारोह में 119 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इसमें सैकंडरी, सीनियर सैकंडरी, स्नातक एवं स्नातकोत्तर एमबीबीएस, राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ियों का, समाजसेवा में उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति-पत्र एवं मोमेंटों, जिसमें क्रांतिकारी शहीद भीमानायक लोगो का प्रतीक चिह्न प्रदत्त कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर केके सिंह थे। विशेष अतिथि हरिराम बिल्ला मंडावा तथा राजेंद्रप्रसाद नायक खेतड़ी रहे। विशिष्ट अतिथि हीरालाल नायक चेयरमैन नगरपालिका पिलानी थे। अतिथियों का स्वागत नायक समाज के तनसुखराय ठेकेदार, बजरंगलाल नायक जिलाध्यक्ष, जगदीशराम नायक सचिव, सुभाषचंद्र नायक, राधेश्याम धार, कमलकुमार नायक, मदनलाल नायक, विशाल कुमार चारण, एडवोकेट पन्नालाल बोयत आदि के द्वारा साफा पहनाकर एवं माला पहनाकर किया गया। नारी शक्ति का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा समाज में शिक्षा के प्रसार पर बल देते हुए व्याप्त कुरितियों का परित्याग करते हुए शादियों में कम से कम व्यय पर स्थान आकर्षित किया।

सार-समाचार

शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने ज्ञापन

चूरू । राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से जिलाध्यक्ष शिवकुमार शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर और जोधपुर द्वारा कर्मचारी के पक्ष में प्रथम नियुक्ति तिथि से वेतन और ग्रीष्मावकाश के वेतन व अन्य परिलाभ देने के आदेश की पालना को निस्तारित कर खारिज की गई । परिवेदनाओं का सही परीक्षण कर कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए निस्तारित करवाने के लिए मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। मिडिया प्रभारी कन्हैयालाल सैनी ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा योगेश पारीक बनाम अन्य की याचिका संख्या 35341/2009 तथा राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा राजेंद्र कुमार कड़वासरा बनाम अन्य की याचिका संख्या 11147/2020 के आधार पर कार्मिकों के पक्ष में फैसला सुनाकर प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा निरंतर मानते हुए ग्रीष्मावकाश का वेतन व अन्य परिलाभ देने के आदेश दिए थे। समान प्रकरण के याचिकाकर्ताओं उम्मेदसिंह और अन्य, कमल कुमार तथा अन्य, सुरेन्द्र कुमार तथा अन्य, सत्यनारायण स्वामी तथा अन्य राकेश कुमार तथा अन्य को भी ग्रीष्मावकाश के वेतन सहित अन्य समस्त परिलाभ देने के आदेश दिए गए थे, परंतु संयुक्त निदेशक चूरू, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा, चूरू तथा प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी चूरू ने उक्त न्यायालय के आदेश का जल्दबाजी में सही परीक्षण और व्याख्या नहीं की और उच्च न्यायालय जयपुर व जोधपुर के आदेश के आधार पर प्रस्तुत समस्त परिवेदनाओं को 12 अक्टूबर 2025 को निस्तारित करते हुए खारिज कर दिया। जबकि इससे पूर्व इन्हीं अधिकारियों ने न्यायालय प्रकरणों के आधार पर प्रस्तुत 11 से अधिक परिवेदनाओं को स्वीकार कर ग्रीष्मावकाश के वेतन व परिलाभ देने के आदेश अपने कार्यालय से जारी किए थे। प्रभु दयाल सैनी ने बताया कि चूरू जिले सहित सीकर, पाली, बीकानेर, हनुमानगढ़, नागौर, जालौर, अलवर सहित करीब 19 जिलों में अधिकारियों ने ग्रीष्माव